# अभ्यास प्रश्न
# व्याख्यात्मक हल सहित

## व्याख़्यात्मक प्रश्न

**1.** मुद्रा की क्रय शक्ति के आधार पर विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं का सही क्रम क्या है?

(a) 1. यू.एस.ए. 2. जापान, 3. कनाडा, 4. फ्रांस, 5. जर्मनी

(b) 1. यू.एस.ए. 2. जर्मनी, 3. ब्रिटेन, 4. फ्रांस, 5. भारत

(c) 1. यू.एस.ए. 2. भारत, 3. रूस, 4. चीन, 5. फ्रांस

(d) 1. यू.एस.ए. 2. चीन, 3. भारत, 4. जापान, 5. जर्मनी

**2.** विश्व की जीडीपी मे सर्वाधिक हिस्सा (PPP पर आधरित) देने वाली अर्थव्यवस्थाओं का सही क्रम है?

1. जापान 2. जर्मनी 3. भारत
4. यू.एस.ए. 5. चीन

(a) 4, 1, 2, 3, 5 (b) 4, 5, 3, 1, 2
(c) 4, 2, 3, 5, 1 (d) 4, 3, 5, 2, 1

**3.** भारत के आधारभूत उद्योगों में सर्वाधिक वृद्धि दर किस क्षेत्र ने दर्ज की है?

(a) इस्पात (b) कच्चे तेल
(c) सीमेंट (d) विद्युत

**4.** पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता है-

1. सम्पत्ति पर निजी स्वामित्व।
2. प्रतियोगिता की उपस्थिति।
3. आय का समान वितरण।
4. उद्यमो की स्वतंत्रता
5. सरकार की उपस्थिति।

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 4
(c) 5, 3, 2, 1 (d) उपरोक्त सभी

**5.** विकसित अर्थव्यवस्थाओं की विशेषतायें हैं-

1. उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की प्रधनता।
2. आधरभूत संरचना का अल्पविकास।
3. प्रतिव्यक्ति आय का कम स्तर।
4. आधुनिक तकनीकी का प्रयोग।
5. बचत एवं पूंजी निर्माण की ऊँची दर

**कूटः**

(a) 1, 2, 3 (b) 3, 4, 5
(c) 1, 4, 2 (d) 1, 4, 5

**6.** समाजवादी अर्थव्यवस्था की विशेषता है-

(a) यह एक नियंत्रित अर्थव्यवस्था है।
(b) उत्पत्ति के साधनो पर सरकार का स्वामित्व।
(c) उत्पादन का उद्देश्य सामाजिक कल्याण मे वृद्धि
(d) उपरोक्त सभी

**7.** राष्ट्रीय आय का अर्थ है-

(a) किसी देश में उत्पादित वस्तु एवं सेवायें
(b) किसी वित्तीय वर्ष में उत्पादित वस्तु एवं सेवायें
(c) किसी देश में उत्पादित अन्तिम वस्तु एवं सेवायें
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य (False) है?

1. राष्ट्रीय आय की गणना सर्वप्रथम दादा भाई नौरोजी ने की।
2. राष्ट्रीय आय की वैज्ञानिक गणना करने का श्रेय प्रो. वी. के. आर. वी. राव को जाता है जिन्होंने देश की प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय 75 रूपये बतायी।
3. राष्ट्रीय आय की प्रथम गणना में भारत की प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय 40 रूपये आंकी गयी।
4. 'नेशनल इन्कम कमेटी' का गठन अगस्त 1948 में किया गया।

**कूटः**

(a) 1, 3
(b) 3, 2
(c) 3, 4, 1
(d) 2, 3, 4

**9.** GDP की अवधरणा में 'जियोग्रॉफिकल बाउण्ड्री' के अन्तर्गत कौन-से क्षेत्र सम्मिलित नहीं है?

1. विदेशों में स्थित दूतावास एवं सैनिक अड्डे
2. विदेशों में स्थित भारतीय संस्कृति के मंदिर
3. दो या दो से अधिक देशों के मध्य 'सीमा विवाद क्षेत्र'
4. सामुद्रिक सीमा

**कूटः**

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 4
(c) 2, 3, 4 (d) 2, 3

**10.** भारत में द्वितीय क्षेत्र में सम्मिलित है-

1. खनन एवं उत्खनन
2. व्यापार, निर्माण एवं विनिर्माण
3. बिजली, गैस एवं जल आपूर्ति
4. निर्माण, संचार, रियल एस्टेट

कूट:

(a) 1, 3, 4
(b) 1, 3
(c) 1, 4, 2
(d) 2, 3, 4

**11.** समावेशी संवृद्धि का अर्थ है-

(a) किसी विशेष वर्ग की स्थिति में सुधर के प्रयत्न।
(b) केवल BPL के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों तक सुविधा पहुंचाना।
(c) समाज के सभी वर्गों तक संसाधन एवं सुविधाएँ पहुंचाना।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**12.** समावेशी संवृद्धि के लिए आवश्यक है-

(a) अधो-संरचनात्मक सुविधाओं का विकास।
(b) कृषि का पुनरूद्धार।
(c) शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक सेवाओं की अधिकाधिक उपलब्धता।
(d) उपरोक्त सभी।

**13.** भारत में प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि की दर धीमी होने के प्रमुख कारण है-

1. उच्च पूंजी उत्पाद अनुपात
2. जनसंख्या वृद्धि की ऊंची दर
3. पूंजी निर्माण की ऊंची दर
4. वित्तीय घाटे का ऊंचा स्तर

कूट:

(a) 1, 2, 3, 4
(b) 2, 3, 4
(c) 1, 4
(d) 1, 2

**14.** भारत में बचत दर और पूंजी निर्माण की दर ऊँची है फिर भी देश की संवृद्धि दर कम होने के कारण हैं-

(a) ऊँचा पूँजी उत्पाद अनुपात (ICOR)
(b) नीचा पूँजी उत्पादन अनुपात
(c) ऊँची जन्म दर
(d) विदेशी सहायता का नीचा स्तर

**15.** यदि एक दी हुई समयावधि में कीमतें तथा मौद्रिक आय दोनों दुगनी हो जाये तो 'वास्तविक आय' पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

(a) वास्तविक आय भी दोगुनी हो जायेगी
(b) वास्तविक आय आधी रह जायेगी
(c) वास्तविक आय अपरिवर्तित रहेगी
(d) कीमतें वास्तविक आय को प्रभावित करेगीं

**16.** आर्थिक नियोजन के युग के आरंभ से अब तक भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि का अंशदान-

(a) निरन्तर कम हो रहा है।
(b) निरंतर बढ़ रहा है।
(c) पहले बढ़ा अब कम हो रहा है।
(d) पहले कम था फिर बढ़ा है।

**17.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. प्राथमिक क्षेत्र | 1. खनन-उत्खनन, विनिर्माण, निर्माण, बिजली गैस एवं जल आपूर्ति |
| B. द्वितीयक क्षेत्र | 2. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार, बीमा तथा व्यवसायिक सामुदायिक एवं व्यक्तिगत सेवायें |
| C. तृतीयक क्षेत्र | 3. कृषि, वानिकी, मत्स्यन |

कूट:

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 |

**18.** मुद्रास्फीति का अर्थ है—

(a) वस्तुओ और सेवाओ की कीमतो में वृद्धि।
(b) वस्तुओ और सेवाओं के मूल्यो मे सतत वृद्धि।
(c) वस्तुओ की मांग बढ़ने पर वस्तुओ की पूर्ति मे भी वृद्धि।
(d) उपरोक्त सभी।

**19.** निम्नलिखित शब्दावलियों को सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| A. दौड़ती हुई मुद्रा स्फीति | 1. वृद्धि दर स्थिर एवं मुद्रा स्फीति में वृद्धि |
| B. स्टैगफ्लेशन | 2. कीमतों में बहुत धीमी वृद्धि |
| C. मद मुद्रा स्फीति | 3. मुद्रा स्फीति की दर 2-3 अंकीय |
| D. ग्लोपिंग स्फीति | 4. प्रचलित मुद्रा से विश्वास उठना |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

20. मुद्रास्फीति के कारणों को प्राथमिकता के आधार पर क्रमबद्ध कीजिए-

1. आय में वृद्धि
2. रोजगार में वृद्धि
3. अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी के प्रतिशत में कमी
4. औद्योगीकरण
5. वस्तुओं की मांग में वृद्धि

**कूट:**

(a) 1, 2, 3, 5, 4
(b) 1, 2, 5, 3, 4
(c) 4, 2, 3, 1, 5
(d) 2, 3, 4, 1, 5

21. मुद्रा स्फीति के सकारात्मक प्रभावों को क्रमबद्ध कीजिए-

1. निवेश में वृद्धि
2. रहन-सहन के स्तर में वृद्धि
3. उत्पादन में वृद्धि
4. रोजगार में वृद्धि
5. कीमतों में वृद्धि के कारण व्यापारिक वर्ग को लाभ।

(a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 5, 1, 4, 3, 2
(c) 5, 1, 2, 3, 4 (d) 5, 1, 3, 4, 2

22. मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाता है-

1. प्रत्यक्ष करों में वृद्धि कर।
2. सार्वजनिक ऋणों में वृद्धि कर।
3. सार्वजनिक व्यय में वृद्धि कर।
4. बैंक रेट में वृद्धि कर।

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4

23. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में तीव्र गिरावट-'मुद्रा संकुचन' कहलाती है।
(b) मुद्रा संकुचन के प्रभावों को दूर करने के लिए सरकार 'मुद्रा संस्फीति' को अपनाती है।
(c) वस्तुओं की पूर्ति की तुलना में मांग का कम होना 'मंदी' कहलाता है।
(d) मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण राजकोषीय नीति से संभव नहीं।

24. मुद्रा स्फीति को मापने के निर्देशांक हैं-

(a) थोक मूल्य सूचकांक
(b) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(c) a और b दोनों
(d) उक्त मे से कोई नहीं

25. सही कथन का चुनाव कीजिए-

(A) भारत में मुद्रास्फीति की समस्या 'सरकार' एवं RBI के समक्ष कठिन चुनौती है।

(R) खाद्यान्नों की बढ़ी कीमत मुद्रास्फीति का मात्र कारण है।

**कूट:**

(a) A और R दोनों सही हैं।
(b) A और R दोनों गलत हैं।
(c) A सही है R गलत है
(d) A गलत है R सही है

26. निम्न में से कौन मुद्रास्फीति की दर में वृद्धि का प्रत्यक्ष कारण नहीं है?

1. आय में वृद्धि
2. पेट्रोल के दाम में वृद्धि
3. CRR में कमी
4. मांग में वृद्धि

**कूट:**

(a) 1, 4 (b) 2
(c) 3 (d) 3, 4

27. निम्न में से कौन मांग प्रेरित स्फीति का कारण नही है?

1. जनसंख्या में तीव्र वृद्धि
2. उत्पादन में कमी
3. पूर्ति में कमी
4. घाटे की वित्त व्यवस्था

**कूट:**

(a) 2, 3 (b) 1, 2, 3
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 4

28. रूपये की क्रय क्षमता से तात्पर्य है-

(a) मुद्रा द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की क्रय की गयी मात्रा।
(b) मुद्रा द्वारा मूल्यवान वस्तुओं का क्रय।
(c) मुद्रा द्वारा डालर का अधिक क्रय।
(d) उपरोक्त सभी।

29. वस्तुओं की कीमतों में कृत्रिम वृद्धि के प्रमुख कारण है-

1. काला बाजारी
2. दोषपूर्ण वितरण प्रणाली
3. वस्तुओं की पूर्ति में एकाधिकार
4. कमजोर सरकारी तंत्र

**कूट:**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 3, 4 (d) उपरोक्त सभी

**30.** मुद्रास्फीति के काल में सर्वाधिक हानि किस वर्ग को होती है? घटते हुए क्रम मे लगाइये-

1. मध्यम वर्ग
2. संगठित क्षेत्र के श्रमिक
3. ऋणदाता
4. धनी वर्ग को

(a) 3, 2, 1, 4 (b) 2, 1, 3, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 3, 2, 4

**31.** मुद्रा स्फीति के प्रमुख कारण-

1. मुद्रा की पूर्ति में कमी
2. सरकारी व्यय में वृद्धि
3. बजटों में बढ़ता हुआ घाटा
4. जनसंख्या में वृद्धि

**कूट:**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 2, 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**32.** भारत में मांग की तुलना में पूर्ति कम है क्योंकि-

1. जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि
2. कृषि में परंपरागत तरीकों का प्रयोग
3. अपर्याप्त औद्योगिक विकास
4. दोषपूर्ण तथा अकुशल प्रबन्धन

**कूट:**

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 2, 3, 4 (d) 1, 3, 4

**33.** अर्थव्यवस्था में रोजगार निर्माण में कमी आती है जब स्थिति होती है-

(a) मुद्रा स्फीति की (b) मंदी की
(c) तकनीकी विकास की (d) उपरोक्त सभी

**34.** भारत में सिंचाई की परियोजनाओं को तीन श्रेणियों में बृहत, मध्यम और लघु में बाँटा गया है, इस संदर्भ में निम्न में से कौन सत्य कथन है?

(a) वृहत सिंचाई परियोजनाएँ 10,000 हे. से अधिक क्षेत्र की सिंचाई करती है।
(b) मध्यम सिंचाई परियोजनाएँ 2,000 से 10,000 हे. क्षेत्र की सिंचाई करती है।
(c) लघु सिंचाई परियोजनाएँ 2,000 हे. क्षेत्र की सिंचाई करती है।
(d) उपरोक्त सभी

**35.** हरित क्रांति के संदर्भ में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-

1. हरित क्रांति शब्द के प्रतिपादक विलियम गॉड है।
2. भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार एम.एस. स्वामीनाथन हैं।
3. मैक्सिको से बीज आयात किये गये थे।
4. हरित क्रांति से सर्वाधिक सकारात्मक प्रभाव गेहूँ की फसल पर पड़ा।

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3
(c) 3, 4 (d) उपरोक्त सभी

**36.** सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा वितरित अनाज की कीमत बढ़ाने का उद्देश्य हैं-

(a) किसानों को आकर्षक कीमत मिले।
(b) अनाज के उपयोग को नियंत्रित किया जा सके।
(c) इस प्रणाली में निहित उपादान (Subsidies) का भार कम हो सके।
(d) इस योजना से लाभ कमाना।

**37.** निम्न में से कौन 'हरित क्रांति' के परिणामस्वरूप नहीं हुआ है?

(a) भारत के विभिन्न राज्यों के बीच असमानता में वृद्धि।
(b) भारत में अमीरों एवं निर्धनों के बीच असमानता में वृद्धि।
(c) खाद्यान्नों की प्रतिव्यक्ति उपलब्धता में वृद्धि।
(d) मोटे अनाजों के अधीन क्षेत्रफल में वृद्धि।

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सी कृषि करने की प्रक्रिया पर्यावरण संरक्षण में सहायक है?

(a) अधिक उपज वाली किस्म की खेती
(b) जैविक खेती
(c) ग्लास हाउस में पौधे लगाना
(d) शिफ्टिंग कृषि

**39.** काली मिट्टी किस उपज के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) कपास की (b) धान की
(c) गन्ने की (d) गेहूँ

**40.** निम्न में से कौन-सा कारण भारतीय कृषि की निम्न उत्पादकता का कारण नहीं है-

(a) जनसंख्या का दबाव
(b) भू जोतों का छोटा आकार
(c) सहकारी कृषि
(d) पारम्परिक तकनीक का प्रयोग

**41.** 'सुनहरे चावल' में प्रचुरता सृजित की गई है-

(a) विटामिन-A (b) विटामिन-C
(c) विटामिन-D (d) विटामिन-E

**42.** 'ऑपरेशन फ्लड' के सूत्रधार हैं-

(a) नार्मन बोरलाग
(b) एम. एस. स्वामीनाथन
(c) वर्गीज कुरियन
(d) अमृत पटेल

**43.** कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना उपलब्ध कराती है-
(a) ग्राम स्तर पर आधुनिक गुणवत्तायुक्त जीवन
(b) अतिरिक्त रोजगार
(c) पेंशन तथा बीमा लाभ
(d) आवासीय सुविधा देना

**44.** भारत में कृषि साख के संस्थागत स्रोत हैं-
(a) प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां
(b) व्यवसायिक बैंक
(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(d) उपरोक्त सभी

**45.** निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है-
1. राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश एवं पंजाब में लागू नहीं है।
2. किसान काल सेन्टर की शुरूआत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने की।
3. जया, पन्तधान-10 गेहूँ की नई प्रजातियां है।
4. टिड्डा चेतावनी संगठन जोधपुर (राजस्थान) में स्थापित है।

(a) 2 और 4 (b) 2, 3
(c) 1, 2, 3 (d) उपरोक्त सभी

**46.** निम्न में से किस फल के उत्पादन में भारत का विश्व में शीर्ष स्थान है?
1. आम
2. केला
3. अनार
4. पपीता
5. अंगूर

(a) 1, 5 (b) 1, 2, 3
(c) 3 4 5 (d) सभी

**47.** निम्न में से कौन भूमि सुधार का प्रमुख अंग है?
(a) मध्यस्थों की समाप्ति
(b) काश्तकारी सुधार
(c) जोतो की चकबंदी करनी
(d) उपरोक्त सभी

**48.** विश्व में उर्वरक उत्पादन एवं उपभोग के संदर्भ में कौन से देश शीर्ष तीन में हैं?
(a) भारत, चीन, बांग्लादेश
(b) चीन, अमेरिका, भारत
(c) भारत, चीन, पाकिस्तान
(d) अमेरिका, भारत, इंडोनेशिया

**49.** निम्न में कौन-सी फसल व्यापारिक फसल (Commercial Crops) की श्रेणी में नहीं आती?
(a) सरसों
(b) चावल
(c) कॉफी
(d) रबड़

**50.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. ऐगमार्क | 1. पर्यावरण संबंधी गुणवत्ता |
| B. ईकोमार्क | 2. बालश्रम उन्मूलन |
| C. रूग्मार्क | 3. स्वर्ण आभूषणों की गुणवत्ता |
| D. हॉलमार्क | 4. कृषि वस्तुओं की गुणवत्ता |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**51.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. ISO-9000 | 1. खाद्य सुरक्षा |
| B. ISO-14000 | 2. ऊर्जा प्रबन्धन |
| C. ISO-50001 | 3. पर्यावरणीय मानक |
| D. ISO-22000 | 4. गुणवत्ता प्रबन्धन |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**52.** केन्द्रीय एगमार्क प्रयोगशाला कहां स्थित है?
(a) नागपुर (b) मथुरा
(c) बंगलौर (d) हैदराबाद

**53.** CAPART के संबंध में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-
1. इसका गठन 1 सितंबर 1986 में हुआ।
2. कपार्ट का विस्तृत रूप पीपुल्स एक्शन एंड रूरल टेक्नोलॉजी की प्रगति के लिए परिषद है।
3. इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
4. इसका उद्देश्य ग्रामीण समृद्धि के लिए परियोजनाओं के कार्यान्वयन में स्वैच्छिक कार्य को प्रोत्साहन देना और उनमें मदद करना।

(a) 2, 3 (b) 3, 4
(c) 1, 3, 4 (d) 1, 2, 3, 4

54. दुग्ध् उत्पादन में शीर्ष राज्य की श्रेणी में कौन-सा राज्य शामिल नहीं है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) गुजरात
(c) तमिलनाडु (d) राजस्थान
(e) पंजाब

55. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (फसल) | सूची-II (शीर्ष उत्पादक देश) |
|---|---|
| A. चावल | 1. चीन, भारत, इंडोनेशिया |
| B. गेहूँ | 2. ब्राजील, वियतनाम, इंडोनेशिया |
| C. चाय | 3. चीन, भारत, केन्या |
| D. कॉफी | 4. थाईलैंड, इंडोनेशिया, वियतनाम |
| E. रबड़ | 5. चीन, भारत, अमेरिका |

कूट:

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 5 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 |

56. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. राष्ट्रीय चावल शोध संस्थान | 1. पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) |
| B. केंद्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान | 2. कोयम्बटूर (तमिलनाडु) |
| C. कॉफी अनुसंधान केंद्र | 3. कटक (उड़ीसा) |
| D. भारतीय गन्ना प्रजनन संस्थान | 4. चिकमंगलूर (कर्नाटक) |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

57. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. फूलों की खेती | 1. अंगूर की खेती |
| B. मछली पालन | 2. रेशम उद्योग |
| C. रेशम के कीड़ों का पालन | 3. मत्स्य पालन |
| D. अंगूर की खेती | 4. फूल विज्ञान |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

58. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I (फसल) | सूची-II (शीर्ष उत्पादक राज्य) |
|---|---|
| A. गेहूं | 1. उ.प्र., पंजाब, म.प्र. |
| B. चावल | 2. कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र |
| C. कुल दलहन | 3. उ.प्र., पंजाब, मध्यप्रदेश |
| D. कुल मोटे अनाज | 4. म.प्र., महाराष्ट्र, राजस्थान |
| E. कुल खाद्यान्न | 5. प. बंगाल, बिहार, मध्यप्रदेश |

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (c) | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |

59. निम्न में से 'बफर स्टॉक' के संबंध में असत्य कथन है-

(a) न्यून उत्पादन की स्थिति से निपटने हेतु प्रयुक्त।
(b) यह PDS के माध्यम से लाभार्थियों तक खाद्यान्न वस्तुओं को उपलब्ध कराती है।
(c) देश में बफर स्टाक की भंडारण क्षमता बहुत अधिक है।
(d) देश में बफर स्टाक की कमी के कारण अनाज को खुले में रखना पड़ रहा है।

60. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I (फसल) | सूची-II (शीर्ष उत्पादक राज्य) |
|---|---|
| A. तंबाकू | 1. असम, प. बंगाल, तमिलनाडु |
| B. कॉफी | 2. गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश |
| C. कपास | 3. कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु |
| D. चाय | 4. आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

61. निम्न में से असत्य युग्म का चयन कीजिये-

1. एम. एस. स्वामीनाथन — हरित क्रांति
2. एल के झा — बैंकों पर सामाजिक नियंत्रण
3. वर्गीज कुरियन — दुग्ध उत्पादन
4. मोरारजी देसाई — कराधान

(a) 1, 2, 4 (b) 3, 4
(c) 2, 4 (d) 2, 3, 4

**62.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये-

| सूची-I (लघु रूप) | सूची-II (क्षेत्र) |
|---|---|
| A. BOT, BOP | 1. रोजगार |
| B. SJRY, TRYSEM | 2. विदेशी व्यापार |
| C. WPI, CPI | 3. बैंकिंग |
| D. CRR, SLR | 4. सूचकांक |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**63.** नाबार्ड प्रसिद्ध है-

(a) रोजगार सर्जन में।
(b) कृषि एवं ग्रामीण साख उपलब्ध कराने में।
(c) कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने में।
(d) खाद्यान्नों के बफर स्टॉक पर नियंत्रण हेतु।

**64.** निम्न में से रबी की फसल समूह में किस फसल को शामिल नहीं किया जाता?

1. बाजरा
2. मक्का
3. चना
4. गेहूं
5. अरहर

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 5
(c) 3, 4, 5 (d) 1, 4, 5

**65.** निम्न में से कौन सर्वाधिक वन क्षेत्रफल वाले राज्यों का सही क्रम है?

(a) मध्य प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा
(b) ओडिशा, गुजरात, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, दिल्ली
(c) मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, ओडिशा
(d) मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, छत्तीसगढ़

**66.** फाइबर फसल में निम्न में से किसे शामिल किया जा सकता है?

1. कपास 2. मेस्टा
3. सनई 4. जूट

(a) 1, 2 (b) 3, 4
(c) 2, 4 (d) सभी

**67.** भारत सर्वाधिक यूरिया किस देश से आयात करता है?

(a) चीन (b) ओमान
(c) ईरान (d) बांग्लादेश

**68.** भारत में एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फेटी तथा पोटाश) के उपयोग का संतुलित अनुपात क्रमश-

(a) 2 : 4 : 6 (b) 2 : 3 : 1
(c) 4 : 2 : 1 (d) 1 : 2 : 35

**69.** खाद्य सुरक्षा से तात्पर्य है-

(a) किसी देश की समग्र जनसंख्या को खाद्य की भौतिक उपलब्धि
(b) आवश्यक खाद्य-पदार्थ को हासिल करने की पर्याप्त क्रयशक्ति।
(c) उपलब्ध खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता और मात्रा दोनों रूपों में पर्याप्तता।
(d) उपरोक्त सभी

**70.** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किन खाद्य सामग्री का वितरण किया जाता है?

(a) गेहूँ, चावल
(b) चीनी
(c) कैरोसीन तेल
(d) उपरोक्त सभी

**71.** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उद्देश्यों में शामिल है-

(a) आवश्यक उपभोग वस्तुओं के समान वितरण द्वारा लोगों को संतुलित भोजन उपलब्ध कराना।
(b) कीमतों के उतार-चढ़ाव को कम करना।
(c) कमजोर वर्गों को आवश्यक उपभोग वस्तुए उपलब्ध कराना।
(d) उपरोक्त सभी

**72.** PDS के प्रमुख दोषों में शामिल है-

(a) गरीबों के प्रति भेदभाव।
(b) गरीबों को कम लाभ एवं शहरों तक सीमित रहना।
(c) गरीबों की संख्या का दोषपूर्ण आंकलन।
(d) क्षेत्रीय असमानता।

**73.** पटसन भवन स्थापित किया गया है-

(a) 1 जनवरी, 2015, महाराष्ट्र में।
(b) 1 सितम्बर, 2015, कोलकाता में।
(c) 1 अप्रैल, 2015, वाराणसी में।
(d) उक्त में से कोई नहीं।

**74.** हैदराबाद विश्वविद्यालय में निर्मित टमाटर की नयी प्रजाति रिपाज़िटरी ऑफ टोमैटो जीनोमिक्स रिसोर्स किसके प्रचुर मात्रा से समृद्ध है-

1. विटामिन-A 2. विटामिन-C
3. विटामिन-$B_9$ (फोलेट) 4. विटामिन-K

**कूटः**

(a) केवल 1 (b) केवल 3 व 4
(c) केवल 3 (d) उक्त सभी

**75.** खाद्य सुरक्षा मिशन में किन खाद्यान्नों के अतिरिक्त उत्पादन से सम्बन्धित है?

(a) गेहूँ, मक्का, जौ, चना
(b) गेहूँ, चावल, दलहन, मोटे अनाज
(c) गेहूँ, चावल, सोयाबीन
(d) उक्त में से कोई नहीं

**76.** कंपनी द्वारा लाभांश की घोषणा किस पूंजी पर की जाती है?

(a) निर्गमित पूंजी पर
(b) अधिकृत पूंजी पर
(c) अभिदत्त पूंजी पर
(d) कुल प्रयुक्त पूंजी पर

**77.** कंपनी के तुलन पत्र से-

(a) कंपनी के लाभ को आंकना संभव होता है।
(b) कंपनी की परिसंपत्तियों और देयताओं के आकार को बताना संभव है।
(c) कंपनी की परिसम्पत्ति, ऋण और शेयर को बताना संभव है।
(d) कंपनी में लगी कुल पूंजी एवं कुल श्रमिकों की संख्या ज्ञात करना संभव हो जाता है।

**78.** 'राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा प्राधिकरण' के संबंध में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-

(a) यह प्राधिकरण 2014-15 के बजट में प्रस्तावित है।
(b) स्थापना हेतु 100 करोड़ रू. का प्रावधन है।
(c) इसका मुख्यालय पुणे में प्रस्तावित है।
(d) सभी

**79.** भारत के उर्वरक उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(a) अभी हाल के वर्षों में यह देश का तेजी से विकसित होने वाला उद्योग है।
(b) भारत विश्व में नाइट्रोजन उर्वरक का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
(c) रासायनिक उर्वरकों के संबंध में भारत आत्मनिर्भर है।
(d) निवेश और विनिर्माण के आधार पर यह देश का दूसरा प्रमुख उद्योग है।

**80.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भिलाई | 1. छत्तीसगढ़ |
| B. बोकारो | 2. झारखंड |
| C. दुर्गापुर | 3. उड़ीसा |
| D. राउरकेला | 4. प. बंगाल |
| | 5. म. प्रदेश |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 5 | 4 |
| (b) | 3 | 5 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 5 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**81.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| नगर | उद्योग |
|---|---|
| A. कोयम्बटूर | 1. तेलशोधन |
| B. राउरकेला | 2. रेल डिब्बा |
| C. कपूरथला | 3. लौह इस्पात |
| D. बरौनी | 4. सूती वस्त्र |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**82.** भारत का प्रथम उर्वरक उद्योग कहाँ स्थापित हुआ?

(a) नांगल (b) सिंदरी
(c) आलवे (d) ट्राम्बे

**83.** CRISAL है-

(a) एक निर्यात कंपनी है।
(b) ग्रामीण क्षेत्र को वित्त प्रदान करता है।
(c) उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
(d) कंपनी की साख की स्थिति का मूल्यांकन करता है।

**84.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (खनिज) | सूची-II (प्रथम उत्पादक देश) |
|---|---|
| A. कोबाल्ट | 1. कांगो |
| B. हीरा | 2. रूस |
| C. चाँदी | 3. मैक्सिको |
| D. कोयला | 4. चीन |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**85.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (सूचकांक) | सूची-II (देश) |
|---|---|
| A. शंघाई एसई कंपोजिट | 1. चीन |
| B. सीएसी 40 | 2. द. कोरिया |
| C. कोस्पो | 3. अमेरिका |
| D. डाउ जोंस आईए | 4. फ्रांस |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**86.** आधारभूत क्षेत्र से संबंधित है-

(a) कोयला
(b) उर्वरक
(c) रिफाइनरी उत्पाद
(d) सभी

**87.** भिलाई इस्पात कारखाने के संदर्भ में सही कथन का चुनाव कीजिए-

1. यह द्वितीय पंचवर्षीय योजना अवधि में तत्कालीन सोवियत रूस की सहायता से स्थापित किया गया।
2. यह तत्कालीन मध्य प्रदेश वर्तमान में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्थित है।
3. वर्ष 1974 मे SAIL ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया।
4. यह वर्ष 1957 में स्थापित 3 बड़े स्टील संयंत्रों में से एक था।

**कूटः**

(a) 1, 3, 4 (b) 1, 2, 3
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4

**88.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| उद्योग | औद्योगिक केन्द्र |
|---|---|
| A. पर्ल फिशिंग | 1. तूतीकोरिन |
| B. आटो मोबाइल्स | 2. पूणे |
| C. पोत निर्माण | 3. मर्मगांव |
| D. इंजीनियरिंग समान | 4. पिंजौर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**89.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| सीमेन्ट उद्योग | राज्य (स्थान) |
|---|---|
| A. सिक्का | 1. गुजरात |
| B. कटनी | 2. मध्य प्रदेश |
| C. चुर्क | 3. उत्तर प्रदेश |
| D. तिरून्नवेली | 4. तमिलनाडु |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**90.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| स्थान | उद्योग |
|---|---|
| A. विशाखापत्तनम | 1. मोटर गाड़ियां |
| B. मूरी | 2. पोत निर्माण |
| C. गुड़गांव | 3. उर्वरक |
| D. पनकी | 4. एल्युमीनियम |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**91.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| केन्द्र | उद्योग |
|---|---|
| A. आंवला | 1. पाली फाइबर |
| B. मोदीनगर | 2. उर्वरक |
| C. बाराबंकी | 3. रबर |
| D. कानपुर | 4. विस्फोटक |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**92.** उद्योग बन्धु है एक-

(a) श्रमिक आपूर्ति एजेन्सी
(b) रूग्ण उद्योग पुनर्वास एजेन्सी
(c) औद्योगिक विकास के लिए वित्त उपलब्ध कराने के लिए एजेन्सी
(d) औद्योगिक इकाईयों की स्थापना में तथा संबंधित समस्याओं में सहायता करने के लिए एजेन्सी

**93.** किस नगर को इलेक्ट्रॉनिक सिटी के रूप में जाना जाता है?

(a) गुड़गांव (b) बंगलौर
(c) जयपुर (d) सलेम

**94.** 'भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान' कहाँ स्थित है?

(a) नागपुर (b) पटना
(c) भदोही (d) जोधपुर

**95.** इकोमार्क किसी उत्पादन पर दिए गए इस प्रमाणन का चिन्ह है कि वह उत्पाद?

(a) किफायती कीमत वाला है।
(b) पर्यावरण दृष्टि से अनुकूल है।
(c) नष्ट होने वाला नही है।
(d) अच्छी किस्म का है।

96. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. पूर्व का बोस्टन | 1. अहमदाबाद |
| B. सूती वस्त्र की राजधनी | 2. कोयम्बटूर |
| C. दक्षिण भारत का मैनचेस्टर | 3. मुम्बई |

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 1 |

97. महारत्न कम्पनियों में शामिल हैं-

(a) भेल,
(b) गेल
(c) एनटीपीसी
(d) सभी

98. मंगला, ऐश्वर्य एवं भाग्यम नामक स्थान किस क्षेत्र से संबंधित हैं?

(a) तेल की खोज से
(b) यूरेनियम की खोज से
(c) कोयले के नये ब्लॉक
(d) प्राकृतिक गैस

99. प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खाताधारकों को कितनी राशि का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जायेगा?

(a) दो लाख
(b) एक लाख
(c) तीन लाख
(d) पचास हजार

100. ONGC हाल ही में निम्न में से किन स्थानों पर नयी रिफायनरी की स्थापना की योजना है?

(a) मंगलौर (कर्नाटक)
(b) काकीनाडा (आंध्र प्रदेश)
(c) बाड़मेर (राजस्थान)
(d) उपरोक्त सभी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (d) | 5. (d) | 6. (d) | 7. (d) | 8. (d) | 9. (d) | 10. (b) |
| 11. (c) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (a) | 15. (c) | 16. (a) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (d) | 20. (c) |
| 21. (b) | 22. (c) | 23. (d) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (a) | 27. (a) | 28. (a) | 29. (d) | 30. (d) |
| 31. (b) | 32. (b) | 33. (b) | 34. (d) | 35. (d) | 36. (c) | 37. (d) | 38. (b) | 39. (a) | 40. (c) |
| 41. (a) | 42. (c) | 43. (c) | 44. (d) | 45. (b) | 46. (d) | 47. (d) | 48. (b) | 49. (b) | 50. (d) |
| 51. (b) | 52. (a) | 53. (d) | 54. (c) | 55. (a) | 56. (b) | 57. (d) | 58. (d) | 59. (c) | 60. (b) |
| 61. (c) | 62. (d) | 63. (b) | 64. (b) | 65. (a) | 66. (d) | 67. (b) | 68. (c) | 69. (d) | 70. (d) |
| 71. (d) | 72. (c) | 73. (b) | 74. (c) | 75. (b) | 76. (c) | 77. (b) | 78. (d) | 79. (c) | 80. (d) |
| 81. (a) | 82. (b) | 83. (d) | 84. (a) | 85. (a) | 86. (d) | 87. (d) | 88. (d) | 89. (a) | 90. (d) |
| 91. (d) | 92. (d) | 93. (b) | 94. (c) | 95. (b) | 96. (b) | 97. (d) | 98. (a) | 99. (b) | 100. (d) |

# व्याख्यात्मक हल

**1.** (d) क्रयशक्ति तुल्यता वास्तव में आईएमएफ/विश्व बैंक द्वारा विकसित एक अवधरणा है। वर्तमान में PPP आधार पर विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाए है—1 अमेरिका 2 चीन 3 भारत 4 जापान 5 जर्मनी

**2.** (b) प्रश्न संख्या 1 की व्याख्या देखें

**3.** (d) भारतीय अर्थव्यवस्था में 8 उद्योगों को 'आधारभूत उद्योग' की श्रेणी में रखा जाता है। वृद्धि के आधार पर इन आधारभूत उद्योगों का सही क्रम निम्न प्रकार से है:—1 विद्युत (9.7%) 2 कोयला (9.1%) 3 सीमेंट(7.9%) 4 इस्पात(1.6%) 5 रिफायनरी उत्पाद (0.2%) 6 कच्चे तेल (-0.9%) 7 उर्वरक (-1.4%) 8 प्राकृतिक गैस (-5.1%)

**4.** (b) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताएं है—
- यह एक मुक्त अर्थव्यवस्था है।
- उत्पत्ति के साधनो पर निजी स्वामित्व होता है।
- उत्पादन का उद्देश्य लाभ प्राप्त करना है।
- इसमें स्वतंत्र गला-काट प्रतियोगिता पायी जाती है।
- इसमें आय का वितरण असमान होता है।
- इसमें वर्ग संघर्ष होता है।

**5.** (d) विकसित अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताएं हैं— उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की प्रधानता,मानव पूँजी का दक्ष होना, प्रति व्यक्तिआय, बचत व पूँजी निर्माण की दर अधिक, आधारभूत संरचना की विकसित स्थिति एवं आधुनिक तकनीकी का प्रयोग आदि।

**6.** (d) सामाजवादी अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताये है:—
- यह एक नियंत्रित अर्थव्यवस्था है।
- उत्पत्ति के साधनों पर सरकार का स्वामित्व होता है।
- उत्पादन का उद्देश्य सामाजिक कल्याण में वृद्धि करना होता है।
- इसमें प्रतियोगिता का आभाव होता है।
- इसमें आय का वितरण समान होता है।
- इसमें वर्ग संघर्ष नहीं होता।

**7.** (d) राष्ट्रीय अय का अर्थ—किसी देश की अर्थव्यवस्था में एक वित्तीय वर्ष में उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओ के मौद्रिक मूल्य का योग ही उस देश की राष्ट्रीय आय कहलाती है।

**8.** (d)
- भारत में सबसे पहले 1868 ई में दादाभई नौरोजी ने राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाया था।
- प्रो. वी. के. आर. वी. राव ने 1925 से 1929 तक की अवधि के लिए 62 रूपये प्रति व्यक्ति वार्षिक आय बताई थी।
- दादाभाई नौरोजी ने अपनी पुस्तक *'भारत में गरीबी और ब्रिटिश शासन'* में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 20 रूपये बतायी थी।
- स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत सरकार ने अगस्त 1949 ई. में प्रो. पी.सी महालिनोबिस की अध्यक्षता में एक 'राष्ट्रीय आय समिति' का गठन किया था।

**9.** (d) किसी देश की आर्थिक दृष्टि से भौगोलिक सीमा का विस्तार-उस देश की सामुद्रिक, राजनीतिक एवं स्थल विस्तार को शामिल किया जाता है साथ ही एक या एक से अधिक देशों में जाने वाले वायुयान, पानी के जहाज, छोटी नावें जहाँ तक जाती है, उस देश की भौगोलिक सीमा के अन्तर्गत माना जाता है। विदेशों में स्थित दूतावास, सैनिक अड्डे, सांस्कृतिक केन्द्र उस देश की भौगोलिक सीमा के अन्तर्गत आते हैं।

**10.** (b) द्वितीय क्षेत्र में शामिल उपक्षेत्र-खनन-उत्खनन,निर्माण, बिजली, गैस व जलापूर्ति आदि।

**11.** (c) समावेशी वृद्धि से तात्पर्य उस स्थिति से है—जिसमें देश की जीडीपी की वृद्धि दर को समाज के सभी वर्गो तक पहुँचाया जाता है। अर्थात् संसाधनों और सुविधओं पर समाज के सभी वर्गों की पहुँच समावेशी वृद्धि कहलाती है।

**12.** (d) प्रश्न संख्या 11 की व्याख्या देखे।

**13.** (d) प्रश्न का तीसरा विकल्प असत्य है क्योंकि पूँजी निर्माण की ऊँची दर प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के लिए सहायक है, उसी प्रकार प्रश्न का चौथा विकल्प भी असत्य है क्योकि वित्तीय घाटे का ऊँचा स्तर होने से अर्थव्यवस्था में तरलता को कृत्रिम रूप से बढ़ा कर उत्पादक वर्ग को नए निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, यह प्रक्रिया भी प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सहायक है। अत: विकल्प (d) सत्य है।

**14.** (a) वर्तमान में देश की बचत दर और पूंजी निर्माण दर क्रमश: 33.6% और 38.8% (12वी पंचवर्षीय योजना के अन्तिम ड्राफ्ट प्लान में स्वीकृत) है। परन्तु देश की संवृद्धि दर नई श्रंखला (आधार वर्ष 2011-12 के अनुसार) के आधार पर 2011-12 में वृद्धि दर 6.7%, 2012-13 में वृद्धि दर 5.1%, 2013-14 में वृद्धि दर 6.9% तथा 2014-15 में वृद्धि दर 7.4% है जबकि 2015-16 के वित्तीय वर्ष के लिए संवृद्धि दर का अनुमान 8.1-8.5% के बीच

रहना अनुमानित है। अर्थात् देश में बचत और पूंजी निर्माण की दर अधिक होने के बावजूद भी जीडीपी वृद्धि दर (देश की संवृद्धि दर) में तीव्रता से बढनें का गुण नहीं देखा जा रहा इसका प्रमुख कारण ऊँचा पूंजी उत्तपाद अनुपात है, जिसका अर्थ है देश में एक वस्तु के उत्पादन में पहले की तुलना में लागत का तेजी से बढ़ना है।

**15.** (c) यदि जिस अनुपात में वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही है ओर उसी अनुपात में मौद्रिक आय भी बढ़ रही हो तो उस स्थिति में वास्तविक आय अपरिवर्तित रहेगी।

**16.** (a) आर्थिक नियोजन के युग के आरम्भ में अर्थात् 1950-51 में कृषि क्षेत्र का देश की सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 55.40% था जो वर्तमान में घटकर 17% के आस-पास पहुँच गया है।

**17.** (a) **प्राथमिक क्षेत्र**—कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन।

**द्वितीयक क्षेत्र**—खनन-उत्खनन, निर्माण, विनिर्माण, विद्युत, गैस व जलापूर्ति।

**तृतीयक क्षेत्र**—व्यापार, होटल, रेस्तरा, परिवहन संचार, वित्त पोषण, बीमा, रियल स्टेट, व्यवसाय सेवाएं, समुदाय, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवाएं।

**18.** (b) जब किसी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं की पूर्ति के सापेक्ष मांग तीव्र गति से बड़े, परिणामस्वरूप वस्तुओं के मूल्यों में सतत वृद्धि बनी रहे जिसमें मुद्रा की क्रय क्षमता में कमी हो जाती है। यह स्थिति मुद्रास्फीति कहलाती है।

**19.** (d)

- दौड़ती मुद्रास्फीति — मुद्रास्फीति की दर इतनी तीव्रता से बढ़े कि लोगों की अपने देश में प्रचलित मुद्रा से विश्वास उठजाए।
- स्टैगफ्लेशन — अर्थव्यवस्था में मुदास्फीति की स्थिति बने रहने के बावजूद भी देश की संवृद्धि दर स्थिर या कम होने लगे।
- मंद मुद्रास्फीति — कीमतो मे बहुत धीमी वृद्धि।
- ग्लोपिंग स्फीति — मुद्रास्फीति की दर न तो इतनी तीव्र हो कि लोगों का अपनी प्रचलित मुद्रा से विशवास उठजाए और न ही इतनी मंद हो कि वस्तु के मूल्य में वृद्धि का पता ही न चले। अर्थात् इस स्थिति में मुद्रास्फीति की दर 2-3 अंकीय होती है।

**20.** (c) मुद्रास्फीति के कारणों का प्राथमिकता के आधार पर सही क्रम निम्नवत् है-

1. औद्योगिकरण, 2. रोजगार में वृद्धि, 3. अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी के प्रतिशत में कमी, 4. आय में वृद्धि, 5. वस्तुओं की मांग में वृद्धि

**21.** (b) [ 5, 1, 4, 3, 2 ]

मुद्रास्फीति के साकारात्मक प्रभावों का सही क्रम इस प्रकार है-

5. कीमतों में वृद्धि के कारण व्यापारीक वर्ग को लाभ।
1. निवेश में वृद्धि।
4. रोजगार में वृद्धि।
3. उत्पादन में वृद्धि।
2. रहन सहन के स्तर में वृद्धि।

**22.** (c) मुद्रास्फीति का प्रमुख कारण अर्थव्यवस्था में अधिक तरलता के कारण मांग का पूर्ति के सापेक्ष तेजी से बढ़ना, विभिन्न उपायों के माध्यम से तरलता को कम करने का प्रयास किया जाए तो तरलता में कमी से वस्तुओं की मांग में कमी आने से, मांग और पूर्ति के सापेक्ष अंतर कम होने से मुद्रास्फीति नियंत्रित की जका सकती है। अर्थव्यवस्था से तरलता कम करने के प्रमुख उपाए है—प्रत्यक्ष करों में वृद्धि, सार्वजनिक ऋणों में वृद्धि और बैंक दर में वृद्धि।

**23.** (d) प्रश्न के विकल्प (a), (b) और (c) सत्य है जबकि (d) विकल्प असत्य है क्योंकि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में राजकोषीय नीति महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

**24.** (c) मुद्रा स्फीति को थोक मूल्य सूचकांक व उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दोनों के माध्यम से मापा जाता है।

**25.** (c) खाद्यानों की बढ़ी कीमत मुद्रास्फीति के विभिन्न कारणों में एक हो सकता है परन्तु एक मात्र कारण नहीं है।

**26.** (a) मुद्रास्फीति की दर में वृद्धि का प्रत्यक्ष कारण आय में वृद्धी के कारण मांग में वृद्धि है।

**27.** (a) मांग प्रेरित स्फीति से तात्पर्य उस स्थिति से जब वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि का प्रमुख कारण तेजी से बढ़ती मांग है।

***नोट***—घाटे की वित्तव्यवस्था के कारण अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त तरलता बढती है जो मांग में वृद्धि में सहायक है।

**28.** (a) रूपये की क्रय क्षमता से तात्पर्य-मुद्रा द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की क्रय की गयी मात्रा से है।

**29.** (d) वस्तुओं की कीमतों में कृत्रिम वृद्धि अर्थात जानबूझ कर वस्तुओं की आपूर्ति को बाधित कर बढ़ी हुई मात्रा के सापेक्ष पूर्ति को न पहुँचाना है। यह स्थिति-काला बाजारी, द्वेषपूर्ण वितरण प्रणाली, वस्तुओं की पूर्ति में एकाधिकार व कमजोर सरकार सरकारी तंत्र के कारण उत्पन्न होती है।

**30.** (d) [1, 3, 2, 4]

| | |
|---|---|
| 1. मध्यम वर्ग | (वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में वृद्धि मध्यम वर्ग को सर्वाधिक प्रभावित करती है) |
| 2. ऋणदाता | (मुद्रास्फीति की बढ़ी दरे, मुद्रा की क्रय क्षमता में कमी ला देती है) |
| 3. संगठित क्षेत्र के श्रमिक | (मुद्रस्फीति का प्रभाव पड़ेगा) |
| 4. धनी वर्ग | (आय का स्तर ऊँचा होने के कारण, मुद्राकी बढ़ी दरे इस वर्ग पर न्यूनतम प्रभाव डालेगी) |

**31.** (b) मुद्रा स्फीति के प्रमुख कारण हैं—सरकारी व्यय में वृद्धि क्योंकि यह अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त तरलता को बढ़ाने का काम करती है। बजटों में बढ़ते घाटे के कारण सरकार को घाटे की वित्त व्यवस्था की प्रक्रिया अपनानी पड़ती है, परिणामत: अर्थव्यवस्था में तरलता की उपलब्धता में वृद्धि हो जाती है। जनंसख्या में वृद्धि, मुद्रास्फीति का प्रमुख कारण है—क्योंकि यह मांग पक्ष को तीव्रता से बढ़ाने का काम करती है। मुद्रा की पूर्ति में कमी, अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त मांग की स्थिति को कम करने से सहायक है।

**32.** (b) भारत में मांग की तुलना में पूर्ति कम होने के प्रमुख कारण है—जनसंख्या में तीव्र वृद्धि, जो मांग पक्ष को बढ़ाने और पूर्ति को सीमित करने का कार्य करती है, कृषि क्षेत्र में परम्परागत तकनीकों का प्रयोग उत्पादकता एवं उत्पादन को प्रभावित करती है, जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्यान्न आपूर्ति पर पड़ता है, अपर्याप्त औद्योगिक विकास पूर्ति पक्ष को प्रभावित करता है तथा दोषपूर्ण तथा अकुशल प्रबन्ध वस्तुओं की आपूर्ति को बाधित करता है। अत: प्रश्न के चारों विकल्प सत्य हैं।

**33.** (b) मंदी की स्थिति अर्थव्यवस्था में रोजगार निर्माण में कमी लाती है क्योंकि मंदी की स्थिति में उत्पादक वर्ग को हानि होती है, और वह नये उत्पादन एवं निवेश के लिए प्रेरित नहीं होता अत: मंदी की स्थिति अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन की प्रक्रिया को बाधित कर देती है।

**34.** (d)

| | | |
|---|---|---|
| 1. वृहत सिंचाई परियोजना | — | इनमें वे परियोजनाएं सम्मिलित की जाती है, जिनके नियंत्रण के अधीन 10,000 हेक्टेयर से अधिक संचयी कृषि योग्य क्षेत्रफल हो। |
| 2. मध्यम सिंचाई परियोजना | — | इनमें वे परियोजनाए सम्मिलित की जाती है, जिनके नियंत्रण के अधीन 2000 से 10,000 हेक्टेयर, संचयी कृषि योग्य क्षेत्रफल हो। |
| 3. छोटी सिंचाई परियोजना | — | इनमें वे परियोजनाए सम्मिलित की जाती है, जिनके नियंत्रण के अधीन 2000 हेक्टेयर तक संचयी कृषि योग्य क्षेत्रफल हो। |

**35.** (d)

- जब भारत ने 1958 में पहली बार 120 लाख टन गेहूँ के स्थान पर 170 लाख टन गेहूँ का उत्पादन किया, तो अमरीकी वैज्ञानिक डॉ. विलियम गाड ने इसे हरित क्रान्ति की संज्ञा दी।
- 1960 के दशक के मध्य में मैक्सिको से लाए गए गेहूँ और धन के उन्नत बीजो, जो से भारतीय कृषि वैज्ञानिकों ने ब्रीडिंग द्वारा नई-नई गेहूँ की अधिक उपज देने वाली प्रजातियाँ विकसित की, जिनसे देश में 1960 के दशक के मध्य 1966-67 में कृषि में हरित क्रान्ति आई परिणामस्वरूप खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता आई, जिसका श्रेय्य अमरीकी कृषि वैज्ञानिक डॉ. नोरमान ई. बोरलॉग और एम.एस. स्वामीनाथन को जाता है।
- हरितक्रान्ति का सर्वाधिक प्रभाव गेहूँ की फसल पर पड़ा जबकि मोटे अनाज एवं दलहन के उत्पादन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

**36.** (c) सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा वितरित अनाज, निर्धन वर्ग (गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले) को न्यूनतम मूल्य पर सरकार उपलब्ध कराती है और भारी मात्रा में सब्सिडी का वहन करती है, सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किये जाने वाले अनाजों का मूल्य बढ़ाकर, स्वयं पर पड़ने वाले सब्सिडी के भार को कम कर सकती है।

**37.** (d) हरित क्रांति का सर्वाधिक प्रभाव गेहूँ की फसल पर पड़ा था न कि मोटे अनाज पर अत: प्रश्न का (d) विकल्प असत्य है।

**38.** (b) जैविक खेती रासायनिक कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरक से मुक्त होती है और फसलों की रोटेशन, हरी खाद (गाय का गोबर), कम्पोस्ट और जैविक कीट नियन्त्रण जैसी तकनीको पर निर्भर होती है। इसलिये यह पर्यावरण संरक्षण में सहायक है।

**39.** (a) काली मिट्टी कपास की खेती के लिए अत्यधिक उपयुक्त होती है क्योंकि इसमें लोहा, चूना, कैल्शियम, पोटाश, एल्युमीनियम एवं मैग्नीशियम कार्बोनेट की अधिकतर तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस और जैविक पदार्थो की कमी पायी जाती है यह सभी स्थितियों कपास की फसल के लिए उपयुक्त है।

**40.** (c) सहकारी कृषि, उत्पादन लागत में कमी और उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ भूमि के अपव्यय को रोकने का कार्य करती है।

**41.** (a) सुनहरे चावल में विटामिन-A की प्रचुरता सृजित की गयी है।

**42.** (c) आपरेशन फ्लड के सूत्रधार अर्थात् श्वेत क्रान्ति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन, जिन्हें इस योजना के क्रियान्वयन एवं सफलता का शत-प्रतिशत श्रेय जाता है। यह कार्यक्रम विश्व का सबसे बड़ा समन्वित डेयरी विकास कार्यक्रम है।

**43.** (c) वर्ष 2001-02 के बजट की घोषणा के संदर्भ में जीवन बीमा निगम ने समूह बीमा की एक नई योजना 'कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना' को 1 जुलाई, 2001 से प्रारम्भ किया। इसमें जीवन बीमा, सुरक्षा, सावधिक एकमुश्त जीवन लाभ तथा कृषि मजदूरों को पेंशन लाभ दिया जाता है। इस योजना में 18 से 50 वर्ष की आयु तक लोग शामिल हो सकते हैं।

**44.** (d) भारत में कृषि साख के स्त्रोतों को दो भागों में बाँटा जा सकता है—

(i) संस्थागत स्त्रोत—इसके अन्तर्गत सरकार, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी समितियाँ तथा वाणिज्यिक बैंकों को शामिल किया जाता है।

(ii) गैर-संस्थागत स्त्रोत—इसके अन्तर्गत साहूकार, व्यापारी, सम्बन्धी एवं भू-स्वामी आदि को शामिल किया जाता है।

**45.** (b)

- तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 21 जनवरी, 2004 को नई दिल्ली में किसान कालसेन्टर का उद्घाटन किया था अत: प्रश्न के दूसरा विकल्प असत्य हैं।
- जया तथा पन्तधान-10 धान की नयी प्रजातियाँ हैं, न कि गेहूँ की।

**46.** (d) वर्ष 2013-14 के अनुसार विश्व के फल उत्पादक अग्रणी पांच देश हैं—1. चीन, 2. भारत, 3. ब्राजील, 4. अमरीका, 5. इण्डोनेशिया है। भारत जिन फसलों के उत्पादन में शीर्ष स्थान रखता है वे हैं— आम, अनार, केला, पपीता एवं अंगूर।

**47.** (d) स्वतंत्रता के पश्चात् भारत ने भूमिसुधार के जो उपाय अपनाये, उनमें निम्न बिन्दुओं को शामिल किया गया—

- मध्यस्थों की समाप्ति
- काश्तकारी सुधार
- प्रत्येक परिवार भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारित करना
- जोतो की चक बन्दी करना

**48.** (b)

विश्व में उर्वरक उत्पादन एवं उपभोग वाले शीर्ष देश-

1. चीन, 2. अमेरिका, 3. भारत

सर्वाधिक उर्वरक का उपभोग करने वाले भारतीय राज्य-

1. उ.प्र., 2. आन्ध्र प्रदेश, 3. महाराष्ट्र

**49.** (b)

- नकदी/व्यापारिक फसलों की श्रेणी में शामिल फसलें हैं—कपास, जूट और मेस्टा, गन्ना, तिलहन, तम्बाकू और रेशम।
- बागान फसलों की श्रेणी में शामिल फसलें हैं—कॉफी, चाय, रबड़
- बागवानी फसलों की श्रेणी में शामिल फसलें हैं—फल, सब्जी, मसाले

**50.** (d)

| | | |
|---|---|---|
| एगमार्क | — | कृषि वस्तुओं की गुणवत्ता से सम्बन्धित है। |
| इकोमार्क | — | पर्यावरण संबंधी गुणवत्ता से सम्बन्धित है। |
| रूग्मार्क | — | बालश्रम उन्मूलन से सम्बन्धित है। |
| हालमार्क | — | स्वर्ण आभूषणों की गुणवत्ता से सम्बन्धित है। |

**51.** (b)

| ISO मानक | क्षेत्र |
|---|---|
| ISO 9000 | गुणवत्ता प्रबन्धन |
| ISO 14000 | पर्यावरण प्रबन्धन |
| ISO 80001 | ऊर्जा प्रबन्धन |
| ISO 22000 | खाद्य सुरक्षा प्रबन्धन |

**52.** (a) नागपुर, महाराष्ट्र में।

**53.** (d) कापार्ट का विस्तृत रूप 'पीपुल्स एक्शन एंड रूरल टेक्नोलॉजी का अग्रिम परिषद' है, की स्थापना 1 सितम्बर, 1986 में हुई। इसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित और इस परिषद की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समृद्धि के लिए परियोजनाओं के कार्यन्वयन में स्वैच्छिक कार्य को प्रोत्साहन देना और उनमें मद्द करना।

**54.** (c) वर्ष 2012-13 के अनुसार सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन वाले राज्य हैं—1. राजस्थान, 2. गुजरात, 3. पंजाब, 4. उत्तर प्रदेश।

**55.** (a) संयुक्तराष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (HA) के अद्यतन आंकड़े वर्ष 2013

| (फसल) | (शीर्ष उत्पादक देश) |
|---|---|
| 1. चावल | चीन, भारत, इण्डोनेशिया, बांग्लादेश, वियतनाम। |
| 2. गेहूँ | चीन, भारत, अमरीका, रूस, फ्रांस। |
| 3. चाय | चीन, भारत, केन्या, श्रीलंका, वियतनाम। |
| 4. कॉफी | ब्राज़ील, वियतनाम, इण्डोनेशिया, कोलंबिया, भारत। |
| 5. रबड़ | थाईलैंड, इण्डोनेशिया, वियतनाम, भारत, चीन |

**56.** (b)

| संस्थान | स्थिति |
|---|---|
| 1. राष्ट्रीय चावल शोध् संस्थान | कटक (उडीसा) |
| 2. केन्द्रीय कृषि अनुसंधनन संस्थान | पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) |
| 3. कॉफी अनुसंधन केन्द्र | चिकमंगलूर (कर्नाटक) |
| 4. भारतीय गन्ना प्रजनन संस्थान | कोयम्बटूर (तमिलनाडु) |

**57.** (d)

| कृषि के प्रकार | सम्बन्ध |
|---|---|
| 1. फूलों की खेती | फूल विज्ञान |
| 2. मछली पालन | मत्स्य पालन |
| 3. रेशम के कीड़ों का पालन | रेशम उद्योग |
| 4. अंगूर की खेती | अंगूर की खेती |

**58.** (d)

| फसल | शीर्ष उत्पादक राज्य (वर्ष 2013-14 के अनुसार) |
|---|---|
| गेहूँ | 1. उत्तर प्रदेश, 2. पंजाब, 3. मध्य प्रदेश |
| चावल | 1. पश्चिमी बंगाल, 2. बिहार, 3. मध्य प्रदेश |
| कुल दलहन | 1. मध्य प्रदेश, 2. महाराष्ट्र, 3. राजस्थान |
| कुल मोटे अनाज | 1. कर्नाटक, 2. राजस्थान, 3. महाराष्ट्र |
| कुल खाद्यान | 1. उत्तर प्रदेश, 2. पंजाब, 3. मध्य प्रदेश |

**59.** (c) देश में बफर स्टाक की भडारण क्षमता कम होने के कारण अनाज को खुले में रखना पड़ रहा है।

**60.** (b)

| फसल | शीर्ष उत्पादक राज्य (वर्ष 2013-14 के अनुसार) |
|---|---|
| 1. तंबाकू | 1. आन्ध्रप्रदेश, 2. गुजरात, 3. कर्नाटक |
| 2. कॉफी | 1. कर्नाटक, 2. केरल, 3. तमिलनाडु |
| 3. कपास | 1. गुजरात, 2. महाराष्ट्र, 3. आन्ध्रप्रदेश |
| 4. चाय | 1. असम, 2. प. बंगाल, 3. तमिलनाडु |

**61.** (c)

| | |
|---|---|
| 1. एम.एस. स्वामीनाथन | — भारत में हरित क्रान्ति के जनक |
| 2. एल के झा | — कर सुधार |
| 3. वर्गीज कुरियन | — आपरेशन फल्ड के जनक (दुग्ध उत्पादन) |
| 4. मोरारजी देसाई | — प्रधानमंत्री (भारत) |

**62.** (d)

| लघुरूप | विस्तृतरूप | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. B.O.T, BOP | व्यापार का संतुलन, भुगतान देय | विदेशी व्यापार |
| 2. SJRY, TRYSEM | स्वर्ण जयंती रोज़गार योजना, युवा प्रशिक्षण स्वयं के लिए रोज़गार | रोजगार |
| 3. WPI, CPI | थोक मूल्य सूचकांक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक | सूचकांक |
| 4. CRR, SLR | नकद आरक्षित अनुपात, वैधानिक तरलता अनुपात | बैंकिंग |

**63.** (b) 12 जुलाई, 1982 में स्थापित नाबार्ड की स्थापना की सिफारिश बी. शिवरमन समिति की सिफारिश पर की गयी। नाबार्ड की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए साख उपलब्ध कराना है। इसका मुख्यालय मुम्बई, महाराष्ट्र में है। वर्तमान में भारत सरकार के पास नाबार्ड के 99% स्टेक हैं, जिसे आरबीआई से प्राप्त किया गया है।

**64.** (b) रबी फसलों में शामिल उपज: गेहूँ, चना, जौ, सरसो/रेपसीड, मसूर

**65.** (a) राज्य वन क्षेत्र रिपोर्ट-2015 के अनुसार-

- सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले राज्य (किमी. में)-
  1. मध्यप्रदेश, (77,462)
  2. अरूणांचल प्रदेश (67,248)
  3. छत्तीसगढ़ (55,586)
  4. महाराष्ट्र (50,628)
  5. ओडिशा (50,354)
- कुल क्षेत्रफल का सर्वाधिक वन क्षेत्रा वाले राज्य (% में)-
  1. मिजोरम (88.93%)
  2. लक्ष्यद्वीप (84.56%)
  3. अंडमान निकोबार (81.84%)
  4. अरूणांचल प्रदेश (80.30%)
  5. नागालैण्ड (78.21%)

**66.** (d) रेशेदार फसलों में शामिल होने वाली मदें कपास, सनई, मेस्टा, जूट आदि हैं।

**67.** (b) भारत को यूरिया की आपूर्ति करने वाले शीर्ष 3 देश हैं- 1. ओमान, 2. ईरान, 3. चीन

***नोट***—यह आंकड़ा वर्ष 2011-12 से सम्बन्धित है।

**68.** (c) कृषि विशेषज्ञों के अनुसार कृषि में विभिन्न किस्मों के उर्वरकों (नाईट्रोजन, फास्फेटी और पोटाश - NPK) का उपयोग एक संतुलित अनुपात में ही किया जाना चाहिए। भारत के लिए यह अन्न फसलों हेतु मानक/आदर्श अनुपात 4: 2: 1 माना जाता है।

**69.** (d) खाद्य सुरक्षा से तात्पर्य देश की सम्पूर्ण जनसंख्या को भौतिक रूप में खाद्य पदार्थों की उपलब्ध्ता सुनिश्चित करवाना और उन खाद्य पदार्थों को खरीदने की क्षमता जनता के पास मौजूदा हो, साथ ही उपलब्ध खाद्य पदार्थ मात्रा एवं गुणवत्ता दोनों ही रूप में पर्याप्त हो।

**70.** (d) पीडीएस योजना का प्रारम्भ जून, 1997 में भारत सरकार द्वारा किया गया, जिसके अन्तर्गत सब्सिडी युक्त खाद्य व गैर खाद्य पदार्थों का वितरण गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को किया जाता है, ताकि वे कीमतों के उतार-चढ़ाव के प्रभावों से बच सके और आवश्यक उपभोग वस्तुओं के समान वितरण से लोगों तक संतुलित भोजन की उपलब्ध्ता सुनिश्चित हो सके। इस योजना के अन्तर्गत मुख्य रूप से गेहूँ, चावल, चीनी, कैरोसीन का वितरण 'उचित मूल्य की दुकान' के माध्यम से किया जाता है।

**71.** (d) प्रश्न संख्या-70 की व्याख्या देखें।

**72.** (c) गरीबों की संख्या का दोषपूर्ण आंकलन पीडीएस योजना का मूलभूत दोष है।

**73.** (b) जूट क्षेत्र के कृषकों की समस्याओं का समाधन करने और जूट निर्यात संवर्धन के उद्देश्य से जूट क्षेत्र की प्रमुख चार विनियामकों (भारतीय जूट निगम, राष्ट्रीय जूट निर्माण निगम, राष्ट्रीय जूट बोर्ड, जूट आयुक्त कार्यालय) के एकीकृत परिसर 'पटसन भवन' का शिलान्यास 1 सितम्बर, 2015, कोलकाता में केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने किया। 70 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित यह भवन हरित भवन है।

**74.** (c) टमाटर की यह प्रजाति विटामिन $B_9$ या फोलेट की प्रचुर मात्रा से समृद्ध है। फोलेट का मुख्य स्त्रोत पालक है, किन्तु भारत में बहुत कम व्यक्तियों द्वारा ही पालक का सेवन किया जाता है। अर्थात् सत्य यह है कि आलू के पश्चात् टमाटर, भारत में सर्वाधिक खाई जाने वाली सब्जी है। अधिकांश व्यंजनों में टमाटर का प्रयोग किया जाता है अत: टमाटर की यह नयी प्रजाति भारत में बिटामिन $B_9$ की अपर्याप्तता को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। गर्भवती महिलाओं के लिए विटामिन-$B_9$ या फोलेट अति आवश्यक है।

**75.** (b) खाद्य सुरक्षा मिशन 11वीं पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भिक वर्ष 2007-08 में प्रारम्भ किया गया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य गेहूँ, चावल और दलहन के उत्पादन को बढ़ाना था। 12वीं पंचवर्षीय योजना में मोटे अनाज के उत्पादन को खाद्य सुरक्षा मिशन में शामिल किया गया।

**76.** (c) कम्पनी के लाभांश की घोषणा कम्पनी के अभिदत्त पूंजी पर की जाती है।

**77.** (b) कम्पनी की तुलन पत्र उस कम्पनी की परिसंपत्तियों और देयताओं का लेखा-जोखा होता है।

**78.** (d) राष्ट्रीय औद्योगिक गलियार प्राधिकरण का प्रस्ताव वर्ष 2014-15 के बजट में किया गया था और स्थापना हेतु 100 करोड़ का प्रावधान भी बजट में प्रस्तावित था। इसका मुख्यालय पुणे में है।

**79.** (c) भारत वर्तमान में रासायनिक उर्वरकों का आयात करता है। अर्थात् भारत रासायनिक उर्वरकों के सम्बन्ध में आत्मनिर्भर नहीं है।

**80.** (d) **लोहा एवं इस्पात उद्योग संयन्त्र**

| संयन्त्र का नाम | सहयोगी देश | स्थापना |
|---|---|---|
| 1. भिलाई | सोवियत संघ | छत्तीसगढ़ |
| 2. बोकारो | सोवियत संघ | झारखण्ड |
| 3. दुर्गापुर | ब्रिटेन | प. बंगाल |
| 4. राउरकेला | जर्मनी | उड़ीसा |

**81.** (a) **व्याख्या:**

| नगर | राज्य | सम्बन्धित उद्योग |
|---|---|---|
| 1. कोयम्बटूर | तमिलनाडु | सूती वस्त्र |
| 2. राउरकेला | उडीसा | लौह स्पात |
| 3. कपूरथला | पंजाब | रेल डिब्बा |
| 4. बरौनी | बिहार | तेलशोधन |

**82.** (b) झारखण्ड राज्य के धनबाद जिले में सिंदरी नामक स्थान पर भारत का प्रथम उर्वरक कारखाना स्थापित किया गया था।

**83.** (d) CRISAL, भारत की प्रमुख रेटिंग एजेन्सी है, जो कंपनी की साख की स्थिति का मूल्यांकन कर उन्हें रेटिंग देने का कार्य करता है।

**84.** (a) **व्याख्या:**

| खनिज | प्रथम उत्पादक देश |
|---|---|
| 1. कोबाल्ट | कांगो |
| 2. हीरा | रूस |
| 3. चाँदी | मैक्सिको |
| 4. कोयला | चीन |

**85.** (a)

| सूचकांक | सम्बन्धित देश |
|---|---|
| 1. शंघाई एसई कंपोजिट | चीन |
| 2. सीएसी 40 | फ्रांस |
| 3. कोस्पो | अमेरिका |
| 4. डाउ जोंस आईए | दक्षिण कोरिया |

**86.** (d) आठ आधारभूत उद्योगों में शामिल है—1. विद्युत, 2. कोयला, 3. रिफयनरी उत्पाद, 4. कच्चा तेल, 5. प्राकृतिक गैस, 6. उर्वरक, 7. सीमेन्ट, 8. इस्पात

**87.** (d) सभी कथन सत्य हैं।

**88.** (d)

| अद्योग | औद्योगिक केन्द्र |
|---|---|
| 1. पर्ल फिशिंग | तूतीकोरीन (तमिलनाडु) |
| 2. आटो मोबाइल्स | पूणे (महाराष्ट्र) |
| 3. पोत निर्माण | मर्मगाँव (गोवा) |
| 4. इंजीनियरिंग सामान | पिंजौर |

**89.** (a)

| सीमेंट उद्योग | राज्य |
|---|---|
| 1. सिम्का | गुजरात |
| 2. कटनी | मध्यप्रदेश |
| 3. चुर्क | उत्तर प्रदेश |
| 4. तिरून्नवेली | तमिलनाडु |

**90.** (d)

| स्थान | उद्योग |
|---|---|
| 1. विशाखापत्तनम् | पोत निर्माण |
| 2. मूरी | एल्युमीनियम |
| 3. गुड़गाँव | मोटर गाड़ी |
| 4. पनकी | उर्वरक |

**91.** (d)

| केन्द्र | उद्योग |
|---|---|
| 1. आंवला | उर्वरक |
| 2. मोदीनगर | रबर |
| 3. बाराबंकी | पाली फाइबर |
| 4. कानपुर | विस्फोटक सामग्री |

**92.** (d) उद्योग बन्धु, औद्योगिक इकाईयों की स्थापना में तथा संबंधित समस्याओं में सहायता करने के लिए एजेन्सी है।

**93.** (b) बंगलौर शहर, इलेक्ट्रानिक सिटी के नाम से जाना जाता है।

**94.** (c) भदोही में

**95.** (b) प्रश्न संख्या 50 की व्याख्या देखें।

**96.** (b) पूर्व का बोस्टन अहमदाबाद को कहा जाता है, सूती वस्त्र की राजधनी मुम्बई को कहा जाता है तथा दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कोयम्बटूर को कहा जाता है।

**97.** (d) 1 फरवरी, 2016 के अनुसार भारत में कुल 7 सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों को महारत्न का दर्जा दिया गया है—

1. भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
2. कोल इंडिया लिमिटेड
3. गेल इंडिया लिमिटेड
4. इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड
5. आयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड
6. स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया
7. एनटीपीसी लिमिटेड

**98.** (a) मंगला, ऐश्वर्य एवं भाग्यम, तेल ब्लाक के नाम हैं।

**99.** (b)

योजना की घोषणा — 15 अगस्त, 2014, लाल किले के प्राचीर से।

प्रारम्भ — 28 अगस्त, 2014, नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा

विशेषताएं—

- इस योजना के तहत बैंक खाता खोलने वालों को स्वदेशी Ru-Pay नामक डेबिट कार्ड दिया जायेगा।
- एक लाख रूपये का दुर्घटना बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराया जायेगा।
- 26 जनवरी, 2015 से पहले खाता खोलने वालों को तीस हजार रूपये का जीवन बीमा कवच उपलब्ध कराया जायेगा।
- खाते को छः माह तक सक्रिय करने पर पाँच हजार रूपये का ओवर ड्राफ सुविधा दी जायेगी।

**100.** (d) सार्वजनिक क्षेत्र की मरात्न कम्पनी ओएनजीसी मंगलौर, काकीनाडा, बाड़मेर तीनों स्थानों पर नयी रिफायनरी स्थापित करने की योजना है।